**Fourteenth Loksabha**

**Session : 10**
**Date : 30-04-2007**

**Participants : Suman Shri Ramji Lal**

Title: Need to review the decision to allow cent percent Foreign Direct Investment in higher education sector.

**श्री रामजीलाल सुमन (फ़िरोज़ाबाद)** महोदय, देश में विदेशी विश्वविद्यालयों के सौ फीसदी निवेश की मंजूरी सरकार ने देने की मंश बना ली है। एक तरफ तो सरकार देश में पहले से ही संचालित फर्जी विश्वविद्यालयों पर लगाम लगाने में नाकाम रही है। जिससे डिग्री लेकर लाखों विद्यार्थी अपने लक्ष्यों को पाने में लगातार असफल हो रहे हैं, वहीं अब सौ फीसदी विदेशी विश्वविद्यालयों के निवेश की मंजूरी देश के हित में कतई नहीं हो सकती।

यहां यह सोचना है कि जहां पहले से ही देश में 144 विदेशी विश्वविद्यालय, महाविद्यालय और संस्थान चल रहे हैं जिसमें 117 अपने अपने देश के पाठयक्रमों का संचालन कर रहे हैं जिसके संचालन हेतु नियामक तंत्र अभी तक सरकार नहीं बना पाई है ऐसे में अब सौ फीसदी विदेशी विश्वविद्यालयों के निवेश की मंजूरी पर सरकार किस प्रकार देश के हित में कर पाएगी।

एक बात तो साफ है कि इस निवेश से गरीब और अमीर की खाई शिक्षा के क्षेत्र में अब अवश्य बढ़ेगी क्योंकि विदेशी विश्वविद्यालय व्यावसायिक नजरिए के तहत अपना कदम रखेंगी, ऐसे में दाखिले के लिए वह जो फीस वगैरह निर्धारित करेंगे वह वे अपने हितों को ध्यान में रखते हुए करेंगे जिससे गरीब आदमी इन विश्वविद्यालयें में दाखिला लेने में अक्षम होगा।

अतः सरकार से मेरा आग्रह है कि कृपया वह इस विाय पर व्यापक चर्चा के बाद ही कोई निर्णय ले।